नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305
इ-मेल: mgahvpro@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org

पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानव दर्शन पर संगोष्ठी गुरुवार को हिंदी विश्वविद्यालय का आयोजन

वर्धा, 15 नवंबर 2017 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में गुरुवार, 16 नवंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानव दर्शन : प्रासंगिकता एवं व्यवहार्यता विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। उदघाटन समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे। समारोह में सामाजिक चिंतक, प्रज्ञा प्रवाह नई दिल्ली के राष्ट्रीय संयोजक जे. नंदकुमार मुख्य अतिथि तथा साहित्यकार डॉ. कुमार शास्त्री, नागपुर विशिष्ट अतिथि होंगे। संगोष्ठी के स्वागताध्यक्ष विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार राय होंगे। यह संगोष्ठी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचार दृष्टि : संकल्प से सिद्धि पर केंद्रीत होंगी। संगोष्ठी का उदघाटन गालिब सभागार में पूर्वाह्न 10.30 बजे होगा।

संगोष्ठी का द्वितीय सत्र पं. दीनदयाल उपाध्याय का राष्ट्र दर्शन एवं विश्व दृष्टि पर होगा जिसमें वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार सुधीर पाठक, नागपुर एवं मानखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, नोएडा कैंपस के प्रो. अरुण कुमार भगत विचार रखेंगे। संयोजन जनसंचार के शोधार्थी देवेंद्रनाथ त्रिपाठी करेंगे। तृतीय सत्र सांस्कृतिक दर्शन के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय पर होगा जिसमें साहित्यकार आशुतोष अडोणी, नागपुर तथा भाषाविद प्रो. वृषभ प्रसाद जैन वक्ता होंगे। संयोजन डॉ. मिथिलेश तिवारी करेंगे। समापन सत्र पं. दीनदयाल उपाध्याय के सपनों का भारत पर होगा जिसकी अध्यक्षता भाषा विद्यापीठ के संकायध्यक्ष प्रो. हनुमान प्रसाद शुक्ल करेंगे। सत्र में शिक्षाविद प्रो. चंद्रकांत रागीट, नागपुर, मानखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के प्रो. श्रीकांत सिंह तथा शिक्षाविद डॉ. कल्पना पाण्डेय, नागपुर विचार रखेंगे। सत्र का संयोजन डॉ. अख्तर आलम करेंगे।